卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 146 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦2 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

नगालैंड और त्रिपुरा में भाजपा की वापसी

मेघालय में त्रिशंकु सरकार बनने के आसार,नगालैंड में पहली बार चुनी गयी महिला विधायक

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव परिणामों की तस्वीर लगभग साफ हो गयी है। दोपहर तक आये रूझानों में नागालैण्ड और त्रिपुरा में भाजपा की सरकार बनना तय हो गयी है। तीनों राज्यों में फरवरी में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी। त्रिपुरा में 16 फरवरी को तो नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को चुनाव हुए थे। अभी त्रिपुरा में बीजेपी की सरकार है, जबकि नगालैंड में बीजेपी के गठबंधन वाली नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की

सरकार है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में मतगणना सुबह 8 बजे से जारी है। दोपहर बाद त्रिपुरा और नगालैंड में तस्वीर साफ होती नजर आयी। त्रिपुरा में बीजेपी तो नगालैंड में एनडीपीपी (बीजेपी गठबंधन) की सत्ता में वापसी लगभग तय दिख रही है। वहीं मेघालय में त्रिशंकु सरकार बनती नजर आ रही है। हालांकि, यहां मौजूदा सीएम कोनराड संगमा की पार्टी एनपीपी आगे चल रही है। तीनों राज्यों में 60-60 सीटें हैं। नगालैंड में 60 साल में पहली बार महिला विधायक चुनी गई है। एनडीपीपी की उम्मीदवार हेकानी जाखलू ने जीत हासिल की है। वे नगालैंड विधानसभा के लिए चुनी गई पहली महिला विधायक हैं। नगालैंड में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई (आठवले) ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। उधर अगरतला में मुख्यमंत्री माणिक साहा के आवास पर मिठाइयां बांटी जा रही हैं, क्योंकि भाजपा 60 में से 33 सीटों पर आगे चल रही (शेष पृष्ठ सात पर)

सहकारी बैंक ने कब्जे में ली ठेकेदार की करोड़ों की बिल्डिंग

हल्द्वानी। शहर के नामी गिरामी ठेकेदार धनंजय गिरी की बड़ी प्रॉपर्टी को राज्य सहकारी बैंक ने अपने अधीन कर लिया है। ठेकेदार धनंजय गिरी द्वारा राज्य सहकारी बैंक का करोड़ों रुपए का बकाया वापस ना करने पर राज्य सहकारी बैंक ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स लेकर एसडीएम कोर्ट के ठीक सामने बनी एक बड़ी बिल्डिंग को अपने कब्जे में ले लिया। राज्य सहकारी बैंक के अधिकारियों का कहना है ठेकेदार धनंजय गिरी को बैंक का कर्ज वापस लौटाने के कई मौके दिए गए लेकिन उसके द्वारा कर्ज वापस करने को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किए गए। जिसके चलते उसकी इस प्रॉपर्टी पर राज्य सहकारी बैंक ने नियमानुसार अपना कब्जा कर लिया है। बता दें कि ठेकेदार धनंजय गिरी के संपर्क भाजपा और कांग्रेस में काफी अच्छे हैं। लेकिन इस बार उनके यह कनेक्शन काम नहीं आ सके। सील की गयी प्रॉपर्टी में कई दुकानें भी हैं, जिनको धनंजय ने सेल किया था और अब उनके मालिक भी काफी परेशान हो गए हैं।उन दुकानदारों का कहना है कि उनके साथ फ्रॉड किया गया है, जिसको लेकर भी वह शिकायत करेंगे। मौके पर तहसीलदार हल्द्वानी संजय कुमार ने कहा तहसील के पास राज्य सहकारी बैंक से प्रॉपर्टी को कब्जे में लेने को लेकर पत्र आया था, जिस संबंध में पुलिस फोर्स के साथ प्रापर्टी को राज्य सहकारी बैंक कब्जे में ले रही है।

चट्टान गिरने से गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही ठप

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। गंगोत्री हाईवे डबरानी में भारी भूस्खलन से आवाजाही ठप हो गई। गुरुवार सुबह अचानक चट्टान भरभरा कर हाईवे पर आ

गिरी। चट्टान के हाईवे पर आने से हाईवे पर भी दरारें उभर आई हैं। सूचना पर बीआरओ की टीम मशीनरी के साथ हाईवे को खोलने के काम में जुट गई है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में अचानक चट्टान का एक बड़ा हिस्सा टूटकर हाईवे पर आ गिरा। गनीमत रही कि इसकी जद में कोई नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता (शेष पृष्ठ सात पर)

गुलदार की खाल के साथ तस्कर दबोचा

मांस में जहर मिलाकर मारा था गुलदार,एसएसपी ने टीम को किया पुरस्कृत

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सोमेश्वर पुलिस और एसओजी टीम ने गुलदार की खाल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये तस्कर ने जहर देकर गुलदार को मारने के बाद उसकी खाल उतार ली थी। जिसे हल्द्वानी बेचने जा रहा था, लेकिन इससे पूर्व ही यह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एसएसपी द्वारा तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 8,700 रुपये देकर पुरस्कृत किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रचिता जुयाल ने खुलासा करते हुए बताया कि सीओ ऑपरेशन सोमेश्वर ओशीन जोशी के पर्यवेक्षण व एसओजी प्रभारी सुनीत धानिक, एनटीएफ प्रभारी सौरभ भारती व थाना अध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कोसी मार्ग, दौलाघट पुल के पास शक के आधार पर एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से एक खाल बरामद हुई। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी सोमेश्वर मनोज लोहनी व वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा रेंज मोहन (शेष पृष्ठ 7पर)

चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान प्रतापपुर गुरुद्वारे के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम फरीदनगर ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी राशिद पुत्र आरिफ हुसैन बताया। तलाशी में उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को भेजा जेल

रुद्रपुर। पुलिस ने मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि पीलीभीत निवासी एक युवती यहां सुभाष कालोनी में किराए के मकान में रह कर किसी ठेकेदार के अधीन काम करती है। उन्होंने बताया कि आरोपी तस्लीम खघन पुत्र हसमत खान के खिलाफ उक्त युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती ने युवक पर आरोप कि युवक ने उससे मारपीट की और दुष्कर्म का भी प्रयास किया। एसएसआई ने बताया कि आरोपी युवक को गल्ला मंडी से गिरफ्तार किया। इसकी विवेचना महिला दरोगा नेहा राणा कर रही। युवती का मेडिकल चेकअप भी कराया गया है।

निलंबित प्रधानाचार्य पर चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मी ने लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

तीन छात्राओं से भी छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कालेज प्रकरण में एक नया मोड़ सामने आया है। प्रबंधन और प्रधानाचार्य के बीच चल रहे विवाद में महिला के आरोपों से सनसनी मच गई है। कालेज की चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी ने प्रधानाचार्य पर अश्लील हरकतें करने व दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। बाजपुर रोड स्थित एक गांव की निवासी इस महिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कहना है कि प्रधानाचार्य अक्सर उसके साथ अश्लील व्यवहार करते थे। उसके शरीर को गलत नीयत से छूकर आपत्तिजनक व्यवहार करते थे। कुछ दिन पूर्व इनके द्वारा विद्यालय बंद होने के बाद उन्होंने दुष्कर्म करने का प्रयास भी किया। तहरीर के अनुसार प्रधानाचार्य अपनी इच्छा पूरी न करने पर वेतन रोकने की धमकी भी देते थे। महिला कर्मचारी ने तहरीर में कहा कि उसने खुद की बदनामी के डर से यह बात लोगों में इसलिये नहीं बताई कि लोग तरह तरह की बाते करेंगे। परन्तु जब इन्हें पद से हटाया गया तो उसके बाद भी यह वर्तमान में मुझे धमकी देते हुये कह रहे है कि अगर तुमने छेड़छाड़ वाली बात व बलात्कार करने का प्रयास करने वाली बात किसी को बताई तो मैं तुम्हें जिन्दा नहीं छोड़ूंगा, मेरे बड़े बड़े राजनीतिक लोगों से सम्बन्ध है। महिला ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से प्रधानाचार्य उसके साथ इसी प्रकार की अश्लीलता करते चले आ रहे है, और इसी प्रकार शोषण करते चले आ रहे है। यही नहीं महिला ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य ने विद्यालय में पढ़ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

गांजा और तमंचे के साथ दो तस्कर किये गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। बलेनो कार में गांजा लेकर जा रहे दो तस्करों को पुलिस ने 1.816 किलो गांजा और तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। नशा

तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एस0ओ0जी0 टीम और थाना आई०टी०आई० पुलिस ने चेकिंग के दौरान हिम्मतपुर ग्राम क्षेत्र में बिना नम्बर की बलेनो कार को रोका तो उसमें सवार तीन लोगों में से एक (शेष पृष्ठ सात पर)

पुलिस टीम ने शातिर स्मैक तस्कर किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग अभियान के दौरान एक शातिर स्मैक तस्कर को स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के

अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में एएनटीई बनभूलपुरा व एसओजी टीम द्वारा उनि मनोज यादव, कानि. रिजवान अली, हेका. कुन्दन कठायत, का. दिनेश नगरकोटी ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वालों के विरुद्ध संयुक्त चौकिंग अभियान के दौरान नशा तस्कर हरप्रीत बिन्द्रा उर्फ बुन्दा सरदार पुत्र मनमोहन सिंह निवासी निकट टीआरवी स्कूल उत्तर गोजाजांली (शेष पृष्ठ सात पर)

गैस के दाम बढ़ाने के खिलाफ सरकार का पुतला फूंका

रूद्रपुर/सितारगंज। रसोई गैस के दाम बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डीडी चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी के बीच केन्द्र की मोदी सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान सीपी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार लगातार सिलैंडर की कीमतें बढ़ा रही है। जिससे आमजन का जीना मुहाल हो गया है।भाजपा सरकार ने उज्जवला योजना के तहत दिए गए सिलेंडर से लुभावना सपना दिखाया था, लेकिन अब वे लेना भी मुश्किल हो गया है। जब गैस सिलेंडर 400 का था। तब उसे महंगा बताकर भाजपा के नेता प्रदर्शन

करते थे और शोर मचाते थे। आज उनकी सरकार ने उसी गैस सिलिंडर को 1100 के ऊपर पहुंचा दिया है। होली के समय में जब पहले से लोग घटी आमदनी से पीड़ित हैं, बेरोजगारी से पीड़ित हैं, सरकार रोजगार नहीं दे पा रही, ऐसे समय में महंगाई की मार से लोगों को परेशान करना दिखाता है कि भाजपा सरकार किस कदर क्रूर और निर्मम हो गई है। महंगाई घटाने का वादा कर सत्ता पाने वाले लोग आज दिन पर दिन दाम बढ़ाकर जनता की जेब को लूट रहे हैं। ऐसी धोखेबाज भाजपा सरकार कभी भी जनता की हितैषी नहीं हो सकती। आगामी चुनाव में ऐसी जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर कर सबक सिखाने की जरूरत है। पुतला फूंकने वालों में सुनील आर्या, सतीश कुमार, उमा सरकार, प्रीति साना, मोनिका ढाली, सपना गिल, पार्वती, अर्जुन विश्वास, ओमकार ढिल्लो, भोला, नवाब अली समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

सितारगंज- केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाये जाने के विरोध में नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्य चौक पर केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला फूँक कर (शेष पृष्ठ सात पर)

उत्तराखण्ड योग और वेलनेस का उत्कृष्ट केंद्र : सीएम

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में प्रतिभाग करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड, देश की

सांस्कृतिक राजधानी ही नहीं अपितु योग और वेलनेस का उत्कृष्ट केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में योग व वेलनेस केंद्रों के विकास करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। योग हमारे प्रदेश की प्राचीनतम परंपरा है, योग के माध्यम से प्रदेश के लोगों को देश-विदेश में नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योग के क्षेत्र में काम कर रहे उत्तराखण्ड के लोगों को सम्मानित किया जाना समस्त प्रदेशवासियों के लिए सम्मान का विषय है। यह हमारा सौभाग्य है कि इस महोत्सव में हमें आदरणीय योगाचार्य स्वामी शिवानंद जी, रजनीकान्त जी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग महोत्सव में आगंतुकों को जहां एक ओर योग, ध्यान और प्राणायाम की बारीकियों को सीखने का मौका मिलता है, वहीं दूसरी ओर वे नाड़ी परीक्षण और आयुर्वेद शिविरों के माध्यम से अपनी समस्याओं का नि:शुल्क समाधान भी पाते हैं। उन्होंने कहा की कुछ ही दिनों बाद यहां होने वाली जी20 बैठक के बाद ऋषिकेश की इस आध्यात्मिक भूमि से विश्व का कोना-कोना परिचित हो जायेगा। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में योग 'पार्ट ऑफ लाइफ' नहीं बल्कि अब 'वे ऑफ लाइफ' बन चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पद्मश्री स्वामी शिवानन्द को सम्मानित किया जबकि पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा पद्मश्री रजनीकान्त को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री गंगा आरती में भी शामिल हुए, उन्होंने गंगा पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम चंद अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल, सचिव पर्यटन श्री सचिन कुर्वे ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मेयर ऋषिकेश अनीता ममगाई, नगर पालिका अध्यक्ष मुनिकीरेती श्री रोशन रतूड़ी एवं योगाचार्य उपस्थित थे।

पेपर लीक करने वाले आठ आरोपियों की जमानत खारिज

नैनीताल। हाई कोर्ट ने यूकेएसएससी के प्रश्न पत्र लीक करने के आठ आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अन्य मामलों में सुनवाई आने वाले दिनों में जारी रहेगी। इन आरोपितों की जमानत निचली अदालत से खारिज हो चुकी थी। हाईकोर्ट ने इन आरोपियों, खासकर सरकारी कार्मिक को पैसे के लालच में हजारों गरीब बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने को समाज विरोधी कृत्य मानते हुए कोई राहत नहीं दी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। सरकार ने इस मामले में घोटाले की जांच कर रही एसटीएफ की मजबूत पैरवी के लिए अधिवक्ता ललित शर्मा को स्पेशल काउंसिल नियुक्त किया है। मंगलवार को जिन आरोपितों की जमानत खारिज हुई उनमें हिमांशु काण्डपाल,तनुज शर्मा,विपिन विहारी,शशिकान्त सिंह,ललित राज शर्मा,संदीप शर्मा,राजेश चौहान के नाम शामिल हैं जबकि एक आरोपी मनोज जोशी की जमानत पिछले शनिवार को खारिज हो गई थी। बुधवार को जिन आरोपितों की जमानत खारिज हुई, उसमें राजेश चौहान आरएमएस कम्पनी, जहां भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों का प्रकाशन हुआ, उसका मालिक है जबकि विपिन विहारी इसी फर्म का कर्मचारी है। उसके पास से काफी नकदी मिली थी। शशिकान्त सिंह कोचिंग इंस्टिट्यूट चलाता है, ललित राज शर्मा अवर अभियंता, हिमांशु काण्डपाल रामनगर में क्लर्क, तनुज शर्मा सरकारी विद्यालय में शिक्षक है। इन आरोपितों के विरुद्ध पिछले साल रायपुर देहरादून पुलिस थाने में यूकेएसएसएससी की ओर से मुकदमा दर्ज किया था।

उत्तराखंड में 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली आपूर्ती की मिली स्वीकृति

देहरादून। उत्तराखंड में फिलहाल बिजली का संकट एक माह के लिए टल गया है। केंद्र से 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति अब 31 मार्च तक जारी रहेगी। ऊर्जा निगम ने केंद्र सरकार के ई-बिडिंग दीप पोर्टल के माध्यम से कम अवधि के टेंडर के जरिये 250 मेगावाट बिजली और खरीद ली है। राज्य को केंद्र के अनावंटित (अन एलोकेटेड) कोटे से मिल रही 300 मेगावाट बिजली की मियाद 28 फरवरी की रात को खत्म हो गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम और यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने अपने-अपने स्तर से कोटे को बढ़ाने की मांग की थी। अब 300 मेगावाट (72 लाख यूनिट) बिजली राज्य को 31 मार्च तक मिलेगी। यूपीसीएल एमडी अनिल कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार से अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि 300 मेगावाट बिजली करीब पांच रुपये प्रति यूनिट की दर पर मिलेगी। यूपीसीएल बाजार से नौ से 10 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रहा है। इससे यूपीसीएल रोजाना करीब पांच करोड़ और महीनेभर में 150 करोड़ रुपये की बचत करेगा। बिजली संकट को देखते हुए विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह को फोन किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को प्रदेश से जुड़े हालात बताए। चारधाम यात्रा के मद्देनजर बिजली किल्लत की ओर ध्यान खींचा। इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने हरी झंडी दे दी। प्रदेश में केंद्र की विशेष राहत पर 300 मेगावाट बिजली मार्च के पहले दिन ग्रिड में नहीं मिल पाई। इस वजह से यूपीसीएल को महीने के पहले दिन काफी संकट से गुजरना पड़ा। आपूर्ति के लिए जहां अतिरिक्त बिजली खरीदनी पड़ी तो वहीं कई जगहों पर कटौती भी करनी पड़ी। प्रदेश में बुधवार को बिजली की मांग चार करोड़ चार लाख 80 हजार यूनिट रही। इसके सापेक्ष यूपीसीएल को केंद्रीय व राज्य के पूल से दो करोड़ 80 लाख यूनिट मिली। बाकी करीब एक करोड़ 20 लाख यूनिट बाजार से खरीदनी पड़ी। यूपीसीएल ने बिजली संकट पर काबू पाने के लिए रियल टाइम मार्केट से 69 लाख 60 हजार यूनिट बिजली खरीदी। इसके अलावा शॉर्ट टर्म निविदा से यूपीसीएल को 50 लाख यूनिट खरीदी। इस तरह से बिजली आपूर्ति की चुनौती से निपटा गया। बिजली की कमी की वजह से प्रदेशभर में कुछ जगहों पर बुधवार को कटौती भी की गई। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा कटौती हुई। हालांकि यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार का कहना है कि कुछ जगहों पर मामूली कटौती हुई है।

पुनर्वास के लिए भूमि का चयन

जोशीमठ। एसडीसी फाउंडेशन ने उत्तराखंड डिजास्टर एंड एक्सीडेंट सिनोप्सिस (उदास) की जनवरी की रिपोर्ट जारी की है। वाडिया भू विज्ञान संस्थान देहरादून के वैज्ञानिकों के हवाले से उदास की रिपोर्ट में कहा गया है कि जोशीमठ में भूमि धंसने की दर दोगुनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में जनवरी में जोशीमठ को छोड़कर कोई ऐसी बड़ी आपदा या दुर्घटना नहीं हुई, जिसमें एक ही दिन या एक समय विशेष में जान माल की क्षति हुई हो। रिपोर्ट में चमोली जिले के कर्णप्रयाग, टिहरी के अटाली गांव आदि में भी जमीन धंसने की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इसके अलावा इस रिपोर्ट में इस महीने आए भूकंप के झटके और चमोली जिले में हिमस्खलन का भी जिक्र किया गया है।उदास की रिपोर्ट पर्यावरणविद् प्रो. रवि चोपड़ा के हवाले से कहती है कि यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि जोशीमठ में भूधंसाव की प्रमुख वजह टनल है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अनूप नौटियाल के अनुसार उत्तराखंड डिजास्टर एंड एक्सीडेंट सिनोप्सिस (उदास) रिपोर्ट का उद्देश्य राज्य में पूरे महीने आने वाली प्रमुख आपदाओं और दुर्घटनाओं का डॉक्यूमेंटेशन है। वहीं जोशीमठ के भू-धंसाव प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। प्रभावितों को गौचर और जोशीमठ के बीच तय भूमि पर ही शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए 40 से 50 हेक्टेयर भूमि चयनित की गई है। यह जमीन कहां चिन्हित की गई है, शासन ने अभी इसका खुलासा नहीं किया है। जोशीमठ में भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्र गांधीनगर, सिंहधार, मनोहरबाग और सुनील वार्ड में 863 भवनों में दरारें आई हैं।

एम्स ऋषिकेश में शुरू होगा उत्तराखंड की पहली हेली एंबुलेंस सेवा का संचालन

चारधाम यात्रियों को मिलेगा एंबुलेंस सेवा का लाभ

ऋषिकेश । एम्स ऋषिकेश में अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक प्रदेश का पहला हेली एंबुलेंस पायलट प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय ने हेली एबुलेंस के संचालन के लिए एक कंपनी से अनुबंध किया है। केंद्र और प्रदेश सरकार साझा रूप से उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में हेली एंबुलेंस सेवा का संचालन करेगी। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर सकते हैं। 20 सितंबर 2022 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में विधिवत रूप से एम्स में हेली एंबुलेंस के संचालन की घोषणा की थी। हेली इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के प्रभारी और हेली एंबुलेंस सेवा के नोडल अधिकारी डॉ. मधुर उनियाल ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हेली एंबुलेंस के संचालन के लिए कंपनी के साथ एक साल का टेंडर किया है। केंद्र और उत्तराखंड सरकार 50-50 फीसदी की साझेधारी में हेली एंबुलेंस सेवा का संचालन करेगी। अनुबंधित कंपनी एक महीने में 45 घायलों और मरीजों को निशुल्क हेली एंबुलेंस उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया, हेली एंबुलेंस पूरे उत्तराखंड के साथ उत्तरप्रदेश के 100 किमी के दायरे में सेवा मुहैया कराएगी। अनुबंधित कंपनी एम्स को सिंगल इंजन वाला एक हेलीकॉप्टर मुहैया कराएगी। इसमें चिकित्सा संसाधन भी कंपनी लगाएगी। एम्स प्रशासन हेली एंबुलेंस के संचालन के लिए मेडिकल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर रहा है। हेली एंबुलेंस का पहले ट्रायल रन होगा। एम्स प्रशासन से हरी झंडी मिलने के बाद सेवा शुरू हो जाएगी। हेली एंबुलेंस पायलट प्रोजेक्ट के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को प्राइमरी ट्रामा केयर, ट्रामा टीम ट्रेनिंग, एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट, एडवांस ट्रामा केयर फॉर नर्सेज आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, रक्षा अनुसंधान एवं स्वास्थ्य संगठन (डीआरडीओ) की ओर से हेली एंबुलेंस के प्रशिक्षण के लिए सिम्युलेटर भी उपलब्ध कराया जाएगा। सिमुलेटर साल के अंत तक मिल जाएगा। अप्रैल में हेली एंबुलेंस सेवा शुरू होने से चारधाम यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। अब तक दुर्घटनाग्रस्त और गंभीर बीमार यात्रियों को एयर लिफ्ट कर एम्स लाया जाता था। लेकिन, अब हेली एंबुलेंस इन्हें एम्स पहुंचाएगी।

आपूर्ति किए जाने वाले जल की गुणवत्ता की टेस्टिंग समयबद्धता से सुनिश्चित करने के निर्देश

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत घर, पब्लिक वेलनेस सेंटर में जल आपूर्ति, वॉश बेसिन, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गांवों में आपूर्ति किए जाने वाले जल की गुणवत्ता की टेस्टिंग समयबद्धता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव पिथौरागढ़ जिले में पीलिया के मामलों का संज्ञान लेते हुए पिथौरागढ़ सहित सभी जिलों में कुंओं की टेस्टिंग तथा क्लोरीफिकेशन के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारियों को जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में फॉरेस्ट किलेयरन्स के मामलों को शीघ्र से शीघ्र निस्तारण के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी जल जीवन मिशन को मार्च 2024 से पहले पूर्ण करने के लिए इस मिशन की ऑनरशिप लें तथा इसमें सभी जनपदीय अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिलों में जल जीवन मिशन की रेगुलर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल विभाग एवं जल संस्थान को राज्य के शहरी क्षेत्रों में नालियों से गुजरने वाली पुरानी पाइपलाइन की जांच के भी निर्देश दिए हैं। एसीएस ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में सेंक्शनड डीपीआर तथा पूर्ण कार्यों के बीच गैप नही रहना चाहिए। बैठक में सचिव पेयजल डॉ. नितेश कुमार झा, अन्य उच्चाधिकारी तथा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

होली पर्व से पहले 50 रूपये महंगा हुआ रसोई गैस सिलेंडर

देहरादून। पेट्रोलियम कंपनियों ने होली से पहले रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में इजाफा कर आम आदमी को बड़ा झटका दिया है। कंपनियों ने घरेलू गैस के साथ ही व्यावसायिक गैस सिलिंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी की है। राजधानी दून में घरेलू गैस की कीमतों में 50 रुपये का इजाफा हुआ है। पहले यहां सिलिंडर 1072 रुपये में मिलता था, लेकिन बढ़ोतरी के बाद कीमत 1122 हो गई है। वहीं, पांच किलो वाले गैस सिलिंडर में 51 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पहले पांच किलो का सिलिंडर 521 रुपये में मिलता था लेकिन अब यह 572 रुपये में मिलेगा। 10 किलो के सिलिंडर में 35 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पहले इसकी कीमत 764 रुपये थी लेकिन अब यह 799 रुपये में मिलेगा। इसके अलावा व्यावसायिक गैस के दाम में भी 350 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है। अभी तक व्यावसायिक गैस सिलिंडर की कीमत दून में 1812 रुपये थी। बढ़ोतरी के बाद यह अब 2162 रुपये में मिलेगा। उत्तराखंड एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चमन लाल ने बताया कि यह कीमतें बुधवार से लागू हो गई हैं।

निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी के लॉकर से 22 लाख के जेवर बरामद : एसएसपी

हरिद्वार। पटवारी और एई-जेई पेपर लीक प्रकरण के मास्टरमाइंड जेल में बंद निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी के बैंक लॉकर से एसआईटी ने 22 लाख रुपये की कीमत के जेवरा बरामद किए हैं। एसआईटी की टीम आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर बलिया उसके घर लेकर गई थी, जबकि उसके भांजे से भी 2.70 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के मुताबिक, पेपर लीक प्रकरण के मास्टरमाइंड संजीव चतुर्वेदी को बीते सप्ताह दोबारा से पांच दिन के लिए कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया था। आरोपी को उत्तर प्रदेश के बलिया में उसके घर पर ले जाया गया था। जहां पूछताछ करने के साथ ही कई साक्ष्य और जेवर बरामद करने की कार्रवाई की गई। एसएसपी ने बताया, बलिया में मुख्य आरोपी संजीव चतुर्वेदी के बैंक लॉकर से करीब 22 लाख रुपये के जेवर बरामद हुए हैं, जबकि पेपर लीक प्रकरण में हाल ही में गिरफ्तार हुए 50 हजार के इनामी आरोपी संजीव चतुर्वेदी के भांजे अनुराग पांडे से 2.70 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जनवरी में पटवारी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने का खुलासा हुआ था। एसटीएफ ने लोक सेवा आयोग के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी, उसकी पत्नी सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसआईटी गठित हुई। एसआईटी ने एई-जेई पेपन लीक होने का भी भंडाफोड़ करते हुए दूसरे अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों प्रकरण में अब तक 24 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पटवारी पेपर लीक में 15 और एई-जेई पेपर लीक प्रकरण में नौ आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं।

अवैध शराब के साथ वारंटी को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वांछित आरोपी को पुलिस ने शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक प्रेम शंकर पुत्र हरिओम निवासी रम्पुरा एक मामले में वांछित चल रहा था। चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी द्वारा टीम के साथ वारंटियों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रेम शंकर को उसके घर में दबिश देकर शराब बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम में कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डॅंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मसूड़ों द्वारा चबरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

भारतीय किसान यूनियन की बैठक में उठी कई मांगें

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक मंडी समिति सभागार में वरिष्ठ किसान आत्मजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बैठक में पहुंचे किसानों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रस्तावों के अंतर्गत लावारिस पशुओं द्वारा फसलों को

नुकसान पहुंचाए जाने पर चिंता जताते हुए उन पर लगाम लगाने सहित अन्य वर्गों की भूमि के विनियमितीकरण पर लगाई गई रोक हटाने, सिंचाई नहरों की सफाई करवाने, आगामी फसल गेहूं के क्रय केंद्रों को समय से खुलवाए जाने की मांग रखी। मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर विनोद गुंबर ,हरभजन सिंह, श्यामचंद, नबी जान ,वीरेंद्र सिंह, उस्मान अली आदि किसान मौजूद रहे।

मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी आयोजित

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविध्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन बी.एड. विभाग की तरफ से किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ इंदुबाला सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बी. एड. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु वाला सक्सेना ने बताया कि अगर आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं तो आप किसी कार्य को ठीक से नहीं कर सकते। इसके साथ उन्होंने यह भी

बताया की अगर आप सकारात्मक सोच रखते हैं तो किसी भी व्यक्ति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोपाल सिंह के द्वारा किया गया तथा मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार दिए की किस तरह व्यक्ति का शारीरिक स्वास्थ्य ठीक होने के साथ साथ उसका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक होना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य पर बी.एड. विभाग के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री मनोज कुमार, श्रीमती वर्षा सक्सेना, सुश्री रश्मि सारथी, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सरस्वती भट्ट, श्रीमती निकिता विष्ट, सुश्री अफ्सा खान, श्रीमती ज्योति राणा, सुश्री कामिनी राना, श्री पंकज बोहरा, श्रीमती पूनम राणा तथा समस्त बीएड के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ने जाना बेहड़ का हाल

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्याम के अध्यक्ष महाराज प्रताप सिंह चौहान ने अपने करीबी रुद्रपुर निवासी विनीत जैन के माध्यम से पूर्व मंत्री व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ व उनके पुत्र सौरव राज बेहड को वीडिओ कॉल कर उनके स्वास्थ्य का हाल चाल जाना और वीडियो कॉल पर ही उन्हें बाबा श्री श्याम के लाइव दर्शन करवाये। साथ ही बाबा के समक्ष उत्तम् स्वास्थ्य हेतु अर्जी लगाई और आशीर्वाद के रूप में प्रसाद ,श्री श्याम जल, स्मृति चिन्ह व विशेष रूप से श्याम प्रेमिओं में महत्व रखने वाली बाबा की पोशाक विनीत जैन के माध्यम से उनको उनके नोयडा स्थित निवास पर भिजवाई।

उत्तराखंड के लिए 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की स्वीकृति पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड के लिए 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की स्वीकृति दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। श्री भट्ट ने बताया कि 28 फरवरी को राज्य को दी जाने वाली 300 मेगा वाट अतिरिक्त बिजली दिए जाने का कोटा समाप्त हो रहा था, लिहाजा उनके द्वारा इस मामले में मुख्य सचिव उत्तराखण्ड एस एस संधू से और उत्तराखंड ट्रांसमिशन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड नीरज टम्टा जी और एमडी पिटकुल आलोक कुमार से दूरभाष पर वार्ता कर अतिरिक्त बिजली जारी रखने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की स्वीकृति दे दी है जिससे कि उत्तराखंड में होने वाला बिजली संकट अब दूर हो गया है। श्री भट्ट ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट किया है।

OM ASSOCIATES
VACANCY
We wanted a Suitable young Sales Executive for our Fenesta showroom in Rudrapur. 0-5 yr experience, having own vehicle, excellent in communication skills & good in computer.
Maa Vaishno Dwar, Ashirwad complex, Kashipur Bypass Rd, Rudrapur, Uttarakhand 263153
Mo-9012393333

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया गदरपुर थाने का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना परिसर का पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर बोलते हुए भूपेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि गदरपुर थाना परिसर के कुछ पुलिस गारद जीर्ण शीर्ण हो चुके हैं उसके लिए थाना

अध्यक्ष को आदेश दिया गया है कि उचित पत्राचार करें और अधिकारियों को सूचित करें और हथियारों का निरीक्षण किया है और कर्मचारियों की समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया है सभी व्यवस्थाएं पूर्ण पाई गई हैं लावारिस वाहनों की जल्द नीलामी की जाएगी

छात्र-छात्राओं से लगातार उपस्थित होने की अपील

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के प्राचार्य डॉ शर्मिला सक्सेना ने सभी छात्र छात्राओं से महाविद्यालय में लगातार शिक्षण के लिए उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बीती दो फरवरी से महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष एवं बीए द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित की जा रही है। डॉ सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की है कि वह अध्ययन के साथ-साथ अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी सहभागिता प्रदान करें, जिससे उनके व्यक्तित्व का सही विकास हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर छात्र छात्राओं की लगातार अनुपस्थिति रही तो विद्यालय प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएगा।

महिला से छेड़छाड़ व मारपीट, केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि पिछले दिनों बिष्ट जी नामक व्यक्ति द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपी ने महिला से मारपीट की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शौर्य चोपड़ा का सैनिक स्कूल के लिए चयन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड के होनहार छात्र शौर्य चोपड़ा का चयन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए हुआ है। विकास चोपड़ा और निधि चोपड़ा के पुत्र शौर्य चोपड़ा के सैनिक स्कूल में चयन पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। शौर्य चोपड़ा ने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों और माता पिता को दिया है।

अमृत कलश यात्रा विश्व शांति महायज्ञ की तैयारी शुरू

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य रामचन्द्र जी महाराज के प्रयास से पवित्र जल एकत्रित कर विगत 7 वर्ष 126 दिन के उपरांत सभी पावन स्थानों से मिश्रित जल पीयूष कलश यात्रा विश्व शांति महायज्ञ के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों से कलश यात्रा निकाली जाएगी।

आचार्य रामचन्द्र जी महाराज ने कहा सम्पूर्ण विश्व शांति के लिए उन्होंने संकल्प लिया है विगत 7वर्षो से निरंतर प्रयास कर गंगा सागर, नैमिशारण,गोमती, प्रयागराज, हरिद्वार, राधाकुंड बृंदावन, यमुना और विभिन्न पवित्र स्थानों से जल एकत्रित कर पीयूष कलश स्थापना की है।उन्होंने कहा कलश यात्रा विश्व कल्याण के लिए है जो पवित्र स्थानों से होकर गुजरेगी ।अमृत कलश यात्रा उपरांत शुभ मुहूर्त में महायज्ञ होंगी। कलश यात्रा में सभी लोगो को आमंत्रित किया जा रहा है। सभी पावन स्थानों से मिश्रित जल पीयूष कलश में परिवर्तित हुई है जो जीव मात्र के कल्याण के लिए है। आचार्य राम चंद्र राय की त्याग और तपस्या विश्व में शांति और समृद्धि के लिए है ।

हजारों की नगदी समेत सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर तलाशी में उसके कब्जे से हजारों रुपयों की नकदी बरामद की है। पकड़े गए सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने खत्री सभा वाली रोड मजार के किनारे संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहल्ला बॉसफोड़ान निवासी रवि यादव पुत्र गोपाल यादव बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 1650 रुपयों की नकदी के अलावा पेन डायरी मोबाइल फोन सट्टे की पर्ची आदि बरामद हुई। कोतवाली लाकर जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।

मनोज बने कैबिनेट मंत्री दास के प्रतिनिधि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले की विधानसभा बागेश्वर से विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनोज ओली को अपना विधायक प्रतिनिधि बनाया है, कैबिनेट मंत्री बनने के बाद जिले में विधायक प्रतिनिधि नही बनाए जाने से कार्यकर्ताओ को भी दिक्कतें आ रही थी,जिसके बाद कैबिनेट मंत्री ने मनोज ओली को विधायक प्रतिनिधि बनाया है, मनोज ओली के विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है,वही मनोज ओली ने सभी कार्यकर्ताओं और कैबिनेट मंत्री दास का आभार जताया है, वही विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, जिला महामंत्री सजंय परिहार,व घनश्याम जोशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट,किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ड़ा राजेन्द्र परिहार,खड़क दफौटी,आदर्श कठायत,भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक गस्याल, गौरव दास, मनोज बचखेती आदि ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : onantgraphics.rdr@gmail.com

एशियन जु-जित्सु चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने जीते छह कांस्य पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बैंकॉक, थाईलैंड में अयोजित हुई सातवीं एशियन जु-जित्सू चौंपियनशिप में भारतीय जुजित्सू खिलाड़ियों ने भारत देश का परचम लहराते हुए 6 कांस्य पदक प्राप्त कर एक बार फिर भारत देश का नाम गौरवान्वित किया। जानकारी देते हुए जुख्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा अधिकृत जुख्र जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जुख्रजित्सू एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में दिनांक 24 से 28 फरवरी 2023 तक बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित हुई। जिसमें एशिया के 30 देशों के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, व इस प्रतियोगिता में भारत देश की ओर से 34 खिलाड़ियों ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उड़ीसा राज्य की अनुपमा स्वैन ने -52 किग्रा जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक, उत्तर प्रदेश की किरण कुमारी ने -70 किग्रा जुजित्सू फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक, उत्तराखंड राज्य की नव्या पांडे ने -45 किग्रा कॉन्टैक्ट फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक, हरियाणा के अमरजीत सिंह ने -85 किग्रा कॉन्टैक्ट फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक, उत्तराखंड राज्य के जय प्रकाश ने -56 किग्रा भार वर्ग एवं आदर्श शर्मा ने ख़94 किग्रा की कॉन्टैक्ट फाइटिंग इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किए। एवं उत्तराखंड राज्य के कमल सिंह ने एशिया में नौवीं रैंक व कुणाल सागर ने सातवीं रैंक हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान मध्य प्रदेश की जुजित्सू खिलाडी रोहिणी कलम को फेयर प्ले अवॉर्ड के खिताब से सम्मानित किया गया।ओर आगे अध्यक्ष जोशी ने कहा की उक्त प्रतियोगिता में सभी पदक विजेता एवं उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले खिलाड़ियों को ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के नेतृत्व में चीन के होंगझाऊ शहर में अयोजित होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय जुजित्सू टीम में शामिल भी किया जाएगा। जिससे खिलाड़ियों को मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा खिलाड़ियों को दी जाने वाली खेल सुविधाओं का भी लाभ मिल सकेगा। जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि जनपद के खिलाड़ी जयप्रकाश एवं कमल सिंह को जल्द ही जिला जुजित्सू एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव अमित अरोड़ा, इंडियन जु-जित्सू टीम कोच एम.आर. शाहिद, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष श्रीमती रसिका सिद्दीकी, जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, डॉ. नागेंद्र शर्मा, किशोर सिंह, सहायक निदेशक सुरेश चंद्र पांडे, डीएसओ निर्मला पंत, डी.के सिंह, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, मुकेश यादव, केनेथ लाल, कृष्ण साना, शिव चरण, ऐजे बटसर, सतनाम चावला, साधना बटसर, रघु रावत, कमल सक्सेना, गंगा मेहरा, हिमा भट्ट, मिंटू सैनी, मनदीप कौर, विक्रम भंडारी, यतेंद्र कुमार, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, अमन सिंह, विकास कुकरेजा, शेखर सक्सेना, प्रेम चंद्र सहित अनेकों खेल संगठनों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।

हवन यज्ञ के साथ मनाया मेयर रामपाल का जन्म दिन

नगर निगम में कर्मचारियों ने किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह का जन्म दिन पर आवास विकास शिवशक्ति मंदिर में हवन यज्ञ कर मेयर रामपाल सिंह के दीर्घायु होने की कामना की गयी। जबकि नगर निगम में कर्मचारियों ने मेयर के जन्म दिन पर स्वागत और सम्मान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। मेयर रामपाल के जन्म दिन पर सुबह से ही उनके शक्ति विहार स्थित निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। दूरभाष पर उन्हें पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ ही तमाम लोगों ने बधाई दी। । मेयर ने अपने जन्म दिन पर सुबह घर पर परिवार के साथ पूजा अचना की। इसके बाद वह परिवार के साथ अटरिया मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात आवास विकास की पार्षद रीना जग्गा और राजेश जग्गा की ओर से मेयर के जन्म दिन पर शिव शक्ति मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मेयर रामपाल सिंह की दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की गयी। हवन यज्ञ के दौरान पार्षद सुशील चौहान,प्रमोद शर्मा, शैलेन्द्र रावत,भुवन गुप्ता, निमित शर्मा, विधान राय, जितेन्द्र यादव, रोहित मित्तल, राजकुमार खनिजों, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, सुभाष नारंग, नितेश गुप्ता सहित तमाम नगर वासी उपस्थित रहे। इसके पश्चात मेयर रामपाल सिंह ने हल्द्वानी में आयोजित आभार रैली के लिए बसों को रवाना किया और खुद भी तमाम कार्यकर्ताओं के साथ रैली में रवाना हुए। रैली से लौटने के बाद नगर निगम में मेयर रामपाल सिंह के सम्मान में नगर निगम कर्मचारी यूनियन द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जिसमें मेयर रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए केक काटकर जन्म दिन की बधाई दी गयी। इस दौरान मेयर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम का हर कर्मचारी उनके लिए परिवार के सदस्य की तरह है। नगर निगम कर्मचारियों ने उन्हें हमेशा उन्हें अपना स्नेह और सम्मान दिया है जिसे वह कभी नहीं भुला सकते। इस दौरान निगम कमचारियों ने मेयर की सादगी और सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। उधर विभिन्न वार्डों में भी मेयर रामपाल सिंह का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जगह जगह केक काटकर मेयर के दीर्घायु होने की कामना की गयी। बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल में अस्पताल के एमडी डा. प्रदीप कुमार अदलखा और उनके परिजनों ने मेयर रामपाल सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर केक भी काटा गया।

उत्तराखंड युवा एकता मंच के सदस्यों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन व नकल विरोधी कानून पर आभार रैली के बीच उत्तराखंड युवा एकता मंच के सदस्यों द्वारा नकल विरोधी कानून में विसंगतियों,छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने,सीबीआई जांच कराए जाने व पीसीएस मुख्य परीक्षा में राज्य विशेष का प्रश्नपत्र लाये जाने विषयक 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान संयोजको ने कहा कि सभी परीक्षाओ में सीबीआई की जांच करवाई जाए, छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमों को खारिज किया जाए व नकल विरोधी कानून में विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ,नही तो प्रदेश के युवा आंदोलनरत होंगे। संगठन के सदस्यों ने कहा कि नकल विरोधी कानून में एक पैरा के अंतर्गत स्पष्ट रूप में और कहा गया है कि अगर नकल होने प्रश्न पत्र लीक होने या इससे संबंधित कोई भी भ्रामक सूचना फैलाई जाती है या किसी के द्वारा शिकायत की जाती है तो उस छात्र के ऊपर वह उस खबर को प्रकाशित करने वाले मीडिया ग्रुप के ऊपर प्रत्यक्ष तौर पर मुकदमा दर्ज होगा । युवा एकता मंच ने नकल विरोधी कानून के इस पैरा की अंग्रेजी शासन काल के रौलट एक्ट से तुलना करते हुए कहा कि इसे तत्काल हटाया जाए क्योंकि नकल विरोधी कानून का उद्देश्य नकल माफियाओं का समूल नाश है ,ना कि नकल पर संदेह व्यक्त करने वाले व सिस्टम में बदलाव लाने वाले विसलब्लोअर को समाप्त करना। उत्तराखंड युवा एकता मंच ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर सदैव संघर्षरत है और युवा संघर्ष तब तक नहीं रुकेगा जब तक सभी मांगें नहीं मान ली जाए। साथ ही कहा गया कि युवाओं के ऊपर लाठीचार्ज वह छात्रों के साथ हुए अन्याय के बाद आभार रैलियों का कोई औचित्य नहीं रह जाता जबकि इन रैलियों को क्षमा याचना रैली के रूप में निकाला जाना था। इस दौरान उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक राहुल पंत, पीयूष जोशी,श्रुति तिवारी सहित अन्य छात्र भी मौजूद रहे।

कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल के छह बच्चों का सैनिक स्कूल के लिए हुआ चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल गरुड़ के 6 बच्चों का सैनिक स्कूल के लिए चयन हुआ है। सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर डाले गए परिणाम में कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल गरुड़ के कार्तिकेय दोसाद, यवनी दोसाद, अभिजीत मेहता, लता रावल, हर्षित अधिकारी, अंकित सिंह कबडोला का नाम शामिल है। बच्चों की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य खीम सिंह नेगी ने हर्ष जताते हुए बच्चों को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मदन पाण्डेय, संस्था के चेयमैन मोहन पाण्डेय, वाइस चेयरमैन जगदीश पाण्डेय, सचिव नंदाबल्लभ भट्ट, कोषाध्यक्ष शंकर पाण्डेय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी। इससे पूर्व सत्र2022-23 में विद्यालय के 4 बच्चों इशानी पांगती, नमन रावत कक्षा 6 एवं स्नेहा खोलिया और पलक कांडपाल (कक्षा 9) का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में भी हुआ है। कक्षा 9 की 3 सीटों में से 2 सीटों पर कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल गरुड़ की छात्राओं का हुआ चयन। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा लागतार किए जा रहे प्रयासों की अभिभावकों द्वारा सराहना की जा रही है। विद्यालय के बच्चों की इस उपलब्धि के लिए अभिभावक संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह बोरा सहित समस्त अभिभावकों ने बच्चों एवं विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी।

सख्त नकल विरोधी कानून बनाने पर किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दर्जा राज्यमंत्री मजहर नईम नवाब द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नकल के विरोध में सख्त कानून बनाने पर युवा मोर्चे द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री के प्रति आभार रैली में सैकड़ों मुस्लिम युवाओं के साथ शिरकत की गई। उन्होंने कहा युवाओं का जोश देखकर उत्तराखंड के इतिहास में नकल विरोधी कानून का अध्याय लिखा गया है। इस रैली में सैकड़ों की तादाद में अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के युवा भी शामिल हुए। मजहर नईम नवाब के नेतृत्व में मुस्लिम युवा मजहर नईम के कैंप कार्यालय जवाहर नगर से जुलूस के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए रैली में पहुंचे। नवाब ने कहा कि युवाओं का भविष्य केवल भाजपा शासन में ही सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों से मुस्लिम समाज का भाजपा के प्रति विश्वास बड़ा है। नवाब के साथ रैली में शामिल होने वालों में शकील अहमद, इसरार हुसैन, महबूब अली, फारुख अंसारी, अफजाल कुरेशी, नाजिम, असगर अली, सुलेमान, सलीम सैफी, शबाब अहमद, इमरान वारसी, सलीम अहमद, आफाक अहमद,बंटी, इमरान, नबी अहमद, इलियास, आबिद हुसैन व सैकड़ों अल्पसंख्यक युवा शामिल थे।

नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड पर तीन पानी नहर के किनारे कूड़े के ढेर में एक नवजात बच्चे का भ्रूण मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भ्रूण देखने के लिए वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़े लोगों से भ्रूण के बारे में आवश्यक जानकारी ली और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार बरेली रोड में तीन पानी नहर के पास कूड़े के ढेर में कुत्ते इकठ्ठे देखने पर रह गुजरते लोगों को संदेह हुआ। उन्होंने कुत्तों को हटाकर पास आकर देखा तो वहां एक नवजात शिशु का भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। भ्रूण मिलने की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई। मंडी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत तीन पानी नहर के किनारे कूड़े के ढेर में पूर्ण विकसित नवजात बच्चे का भ्रूण मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है भ्रूण पूर्ण रूप से विकसित है और दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि बिन ब्याही या बच्ची होने किस स्थिति में यहां पर लाकर फेंका गया होगा। पुलिस भ्रूण फेंकने वालों को पकड़ने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक कर रही है।

राज्यपाल ने ली ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के निर्माण कार्यों की जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष राजभवन सचिवालय में बुधवार को आरवीएनएल (रेल विकास निगम लिमिटेड) के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अजीत सिंह यादव व जनरल मैनेजर भूपेन्द्र सिंह ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से उपलब्ध करायी। अधिकारियों ने बताया की 125 किलोमीटर की लम्बाई वाली इस रेल लाइन में कुल 12 रेलवे स्टेशन हैं। रेल लाइन में 17 मेन टनल का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 8 टनल का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने अवगत कराया कि अभी तक 37 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकों व मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है और सुरक्षा मानकों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।राज्यपाल ने कहा कि ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन बहुप्रतिक्षित परियोजना है जो उत्तराखण्ड प्रदेश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरवीएनएल के अधिकारियों और इस परियोजना में कार्य कर रहे सभी लोगों की प्रशंसा की और कहा कि वे सभी दिन रात कार्य कर रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद इस परियोजना में तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा इस रेल लाइन के बनने से जहां बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम का सफर सुगम हो जाएगा वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा जिस तरह इस परियोजना में आधुनिक तकनीकों की सहायता से कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि इस परियोजना में राज्य सरकार के स्तर से कोई भी सहायता या मदद की जरूरत हो उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने इस परियोजना में आ रही चुनौतियोंव समस्याओंके लिए भी हर संभव समाधान करने का आश्वासन दिया।

जी-20 की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने रामनगर में प्रस्तावित जी-20 की तैयारियों के दृष्टिगत एनएच-87 से लगे हुये सिडकुल पंतनगर औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय सिडकुल पंतनगर के समीप विकसित किये जा रहे गॉर्डन में आवश्यक बैठक ली। जिलाधिकारी ने औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों से कहा कि एनएच-87 से जिन औद्योगिक संस्थानों के प्लॉट लगते हुये है वे सब मिल कर खाली स्थानो में अपने सामने का क्षेत्र सुन्दर रूप से विकसित कर एक अच्छी वाटिका तैयार कर दें ताकि जो भी रूद्रपुर शहर में प्रवेश करें तो यह एहसास हो कि एक अच्छे शहर में आये है। उन्होने कहा कि पर्यावरण के दृष्टिगत भी अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि सौन्दर्यीकरण के कार्य को 20 मार्च, 2023 तक पूर्ण कर लें ताकि जी-20 में शामिल होने वाले मेहमानों को इस सड़क से निकलते हुये हरा-भरा व अच्छा दिखाई दे। उन्होने आरएम सिडकुल को निर्देश दिये कि वन विभाग से सम्पर्क स्थापित कर सड़क के किनारे लगे पेड़ो की लोपिंग/झाड़ी कटान का कार्य शीघ्र करा लें। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय कार्यालय सिडकुल पंतनगर के समीप आरएम सिडकुल द्वारा विकसित किये जा रहे गार्डन में वृक्ष लगाया। बैठक में उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, आरएम सिडकुल मनीष बिष्ट सहित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

46वीं वाहिनी में मंदिर प्रवेश द्वार का लोकार्पण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 46वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में आज नव निर्मित मंदिर प्रवेश द्वार का धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य भव्य रूप से जयघोषों के बीच लोकार्पण किया गया। प्रवेश द्वार का लोकार्पण वाहिनी के सेनानायक रामचन्द्र राजगुरु (आईपीएस) द्वारा पंडित प्रदीप लोहनी द्वारा कराए गए धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य किया गया। इस प्रवेश द्वार का निर्माण वर्ष 2006 बैच के भर्ती आरक्षियों द्वारा वाहिनी परिसर में किया गया है। साथ ही 51 किग्रा की घण्टी भी चढ़ाई गयी। इस अवसर पर वाहिनी के उपसेनानायक डा. हरीश वर्मा, सहायक सेनानायक अन्न राम आर्य, शिविरपाल अजय आर्या, सूबेदार सैन्य सहायक बलवंत सिंह, पीसी महिपाल सिंह, मंगल सिंह व शंकरलाल, एचसी संजय बुधानी, प्रकाश कापड़ी, बलवंत सिंह, गुड्डू बर्गली, वीरेंद्र सिंह एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस नेक एवं सराहनीय कार्य हेतु सेनानायक ने वर्ष 2006 बैच के सभी कर्मचारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जनप्रतिनिधियों के साथ बजट पर की चर्चा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। 2023-24 के बजट निर्माण से पूर्व विभिन्न हितधारक समूह के प्रतिनिधियों का बजट से पूर्व संवाद कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ। बजट में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित कर विभिन्न माध्यमों से जनता के सुझाव आमंत्रित किए जाने तथा जनसहभागिता को और सशक्त बनाने के लिए जनपद में संवाद कार्यक्रम विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो के बीच बजट संबंधी विस्तृत चर्चा शुरू हुई। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार बजट तैयार करने से पहले हितधारकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों, किसानों से सुझाव लिए जा रहे है, जिससे बजट को सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा प्रदेश की आजीविका का मुख्य स्रोत पर्यटन है इसलिए जनपद में पर्यटकों की आमद बढाने हेतु नए पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर विकसित करने के साथ ही वर्क टूरिज्म विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने साहसिक पर्यटन विकास के लिए नए ट्रैक रूटों का निर्माण व पुराने रूटों का रखरखाव व जनपद में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की जिला योजना बहुत छोटी होती है इसलिए सभी विभागीय अधिकारी राज्य सैक्टर व केंद्र पोषित योजना में योजनाओंको बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा बजट संवाद कार्यक्रम में जो भी सुझाव प्राप्त हुए है उन पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित की जाएगी।

सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा सपनों की उड़ान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल प्रशिक्षण स्कूल के जूनियर शिक्षक बृजेश दुबे ने कहा कि उनके स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त की है शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्षीय कार्यक्रम किया जाता है और तिलपुरी जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने हर कला में अपना प्रदर्शन किया है। खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर आनंद पांडे ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सपनों की उड़ान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपने अनेक कलाओं का प्रदर्शन किया था जिसमें गायन नृत्य नुक्कड़ नाटक और इसी तरह के अन्य कार्यक्रम शामिल है।

गुरूद्वारा आदर्श कालोनी में सत्संग समागम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी द्वारा गुरूद्वारा आदर्श कालोनी में सत्संग समागम करवाया गया जिसमें अमृत प्रचार संगत के बाबा जगजीत सिंह गुज्जर सिंह व नरेन्द्र सिंह जी ने गुरूवाणी कथा इतिहास पर प्रकाश डाला और ईश्वर से मिलने का रास्ता बताया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्री गुरूनानक जी के बताये गये मार्ग पर चलता है वह जीवन में कभी ठोकर नहीं खाता। गुरूनानक देव जी स्वयं उसकी रक्षा करते हैं बीबी परमजीत कौर ने आयी हुयी सारी संगत का धन्यवाद किया। इस अवसर पर लंगर और प्रसाद भी बांटा गया। इस अवसर पर सरपरस्त इन्द्रजीत सिंह, सरदार हरि सिंह ग्रावेर, हरजीत सिंह ग्रोवर, धर्मेन्द्र सिंह बठला, जसवीर सिंह सिक्का, गुरूजीत सिंह, नरेश कुमार सेठ, बलवीर सिंह कामरा, प्रीतम सिंह चावला, सतवीत सिंह पदम, महेन्द्र सिंह बठला, ईशान सेठ, गुरूमीत सिंह चुघ सहित किच्छा, बिलासपुर, गदरपुर से आयी हुयी संगत मौजूद थी।

महाविद्यालय में स्टार्टअप बूट कैंप आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। खुद का बिजनेस करना नौकरी करने से ज्यादा अच्छा है क्योंकि ऐसा करके आप खुद को और समाज के अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। यह बात जिलाधिकारी रीना जोशी ने लक्ष्मण सिंह महर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वेबहाल में उद्योग निदेशालय के तत्वाधान में आईआईएम काशीपुर द्वारा दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहीं। जिलाधिकारी रीना जोशी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। फ्रंटियरल एरिया पिथौरागढ़ में स्टार्टअप बूट कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए जिलाधिकारी ने डीआईसी पिथौरागढ़, प्रिंसिपल और आईआईएम काशीपुर से आयी टीम को धन्यवाद दिया और कहा आज यहां बूट कैंप कार्यक्रम में उपस्थित होकर बहुत अच्छा लग रहा है। जनपद के लिए बूट कैंप और इस तरह की एजुकेशनल अवेयरनेस बहुत जरूरी है क्योंकि हमारा एजुकेशनल सिस्टम में गवर्नमेंट नौकरी को अच्छा माना जाता है। डीएम ने उद्योग महाप्रबंधक कविता भगत और आईआईएम की फैकल्टीज को स्टार्टअप बूट कैंप की तरह अधिक से अधिक अवेयरनेस प्रोग्राम करने के लिए कहा ताकि यहां के यूथ को सेल्फ एंप्लॉय के क्षेत्र में आवश्यक दिशा निर्देश और मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप में प्रतिभागियों को प्रोबलम आईडेंटिफिकेशन, बिजनेस प्लान और पिचिंग के संबंध में जानकारी दी गई। बूटकैंप के अंतर्गत नवीन विचारों को चयन किया गया और चयनित विचारों के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

एनसीसी छात्राओं ने कारागार का किया भ्रमण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अधीक्षक जिला कारागार जयंत पांगती ने बताया कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा ऐतिहासिक जिला जेल, अल्मोड़ा में एक वृहद भ्रमण व गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्मोड़ा विश्वविद्यालय की एन0सी0सी0 की 40 छात्राओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू वार्ड का भ्रमण किया। कारागार अधीक्षक ने छात्राओं को इस ऐतिहासिक जेल में स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान बन्द रहे अनेकों स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की जानकारी दी तथा जवाहर लाल नेहरू द्वारा जेल में उपयोग की गई चरखा, खाने के बर्तन, कुर्सी, चारपाई, पुस्तकालय, रसोई आदि को दिखाया गया।। इस भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात् रेडक्रास के सदस्यों द्वारा कैदियों के बीच एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कैदियों को प्राथमिक चिकित्सा, खान-पान, योगा, आपदा से बचाव, सात्विक दिनचर्या आदि की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डा0 जे0सी0 दुर्गापाल द्वारा स्वस्थ्य जीवन निर्वहन व आँखों की देखभाल की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 62 कैदियों की आँखों की जाँच के उपरान्त 25 कैदियों का आँखों का परीक्षण किया। आँखों की जाँच के उपरान्त 25 कैदियों को चश्में भी दिये गये। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष मनोज सनवाल व अन्य सदस्यों द्वारा कैदियों को दैनिक उपयोग सामग्री हेतु 15 बाल्टी, 15 मग, 105 साबुन एवं महिला कैदियों के लिए हाइजीन किट-4 वितरण किये गये।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

संस्कृति और सभ्यता

भारत सामासिक संस्कृति वाला देश है। समय-समय पर इसने अनेक विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण झेले हैं। मगर उन आक्रांताओं में से जिन्होंने इस देश की संस्कृति और सभ्यता को समृद्ध करने में योगदान किया, उन्हें भी अपनी स्मृति में बचाए रखा है। अतीत को भुला देना कोई अच्छी बात नहीं, मगर अतीत से बंध कर भविष्य को चौपट कर बैठने से बुरा भी कुछ नहीं। अतीत की कड़वाहटें सबक हो सकती हैं। वे दोहराई न जा सकें, इसके लिए तैयार रहना एक स्वस्थ और सभ्य समाज का लक्षण है। अतीत को मिटाने की जिद से कड़वाहटें खत्म तो नहीं होतीं, नई कड़वाहटें जरूर पैदा हो जाती हैं। ऐसी ही कुछ बातें सर्वोच्च न्यायालय ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहीं। एक वकील ने याचिका दायर कर मांग की थी कि आक्रांताओं की ओर से बदले गए प्राचीन, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थानों के मूल नामों का पता लगाने और दुबारा वही नाम रखने के लिए नामकरण आयोग गठित करने का आदेश दिया जाए। इस याचिका को खारिज करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अतीत को वर्तमान और भविष्य पर इतना हावी नहीं होने दिया जा सकता कि भारत अतीत का बंदी बन कर रह जाए। अदालत की इस टिप्पणी से शायद उन लोगों को कुछ सीख मिली होगी, जो मानते हैं कि जगहों, सड़कों, इमारतों आदि के नाम बदल देने से इतिहास भी बदल जाएगा। अतीत में आक्रांताओं ने जो किया, उसका बदला इस तरह लिया भी नहीं जा सकता। यह कोई नई या पहली मांग नहीं है। इससे पहले भी अनेक जगहों पर विभिन्न संगठन मांग करते रहे हैं। कई सरकारों ने जगहों, सड़कों, बागों, इमारतों आदि के नाम बदले और अपनी रुचि के अनुसार उनके नाम रखे भी हैं। स्वाभाविक ही, इसे लेकर कहीं, विरोध तो कहीं चर्चाएं होती रही हैं। जगहों, इमारतों, सड़कों आदि का नामकरण इसलिए किया जाता है कि इस तरह हम अपने इतिहास, सभ्यता और संस्कृति से जुड़े व्यक्तियों और प्रतीकों को न सिर्फ सम्मान देते हैं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखने का भी प्रयास करते हैं। भारत सामासिक संस्कृति वाला देश है। समय-समय पर इसने अनेक विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण झेले हैं। मगर उन आक्रांताओं में से जिन्होंने इस देश की संस्कृति और सभ्यता को समृद्ध करने में योगदान किया, उन्हें भी अपनी स्मृति में बचाए रखा है। उनके नाम पर भी जगहों के नाम रखे गए हैं। यह इस देश की उदारता है कि यहां विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग आए या विकसित हुए और उन्हें यहां अपनी पहचान के साथ रहने की आजादी मिली। ऐसे में जब हम नामों को बदलने का प्रयास करते हैं, तो एक तरह से अपनी सामासिकता और उदारता को भी नष्ट करने का प्रयास कर रहे होते हैं। शब्दों की अपनी यात्रा होती है, वे खुद समय के साथ घिस कर अपनी मूल बनावट बदल लिया करते हैं। इसलिए बहुत सारे पुराने नाम बदल कर अब दूसरी शक्ल में चल पड़े हैं। इसलिए उन्हें बदल देने से कई अड़चनें तो पैदा हो सकती हैं, हासिल कुछ खास होने वाला नहीं। जब किसी जगह, इमारत या शहर का नाम बदला जाता है, तो सारे दस्तावेजों में उसे बदलना पड़ता है। मगर केवल भारत में नहीं, पूरी दुनिया में नाम बदलने का चलन देखा जाता है। नई सरकार आती है तो पिछली सरकार की योजनाओं तक के नाम बदल देती है। भारत में अगर इस तरह एक बार जगहों के नाम बदलने का आधिकारिक सिलसिला शुरू होगा, तो फिर उसका कोई अंत न होगा। जो नाम यहां के लोगों की जेहन में बसे हुए और सामासिक संस्कृति का सूत्र बन चुके हैं, उन्हें बने रहने देने में हर्ज ही क्या।

सरकार सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध: धामी

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आई.आई.टी रूड़की में सौर ऊर्जा पर आधारित 'पेरोवस्काइट सोसाइटी ऑफ इण्डिया मीट-2023' में खटीमा से वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने आईआईटी रुड़की और पेरोवस्काइट सोसाइटी ऑफ इण्डिया की टीम को सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस सेमिनार के आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा के क्षेत्र में पूर्ण सुरक्षा और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज रूड़की में ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की विकासवादी सोच पर आधारित सेमिनार का आयोजन हो रहा है। सौर ऊर्जा एवं अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से देश की प्रगति में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा निरन्तर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल मौसम होने के कारण उत्तराखण्ड में सौर ऊर्जा से संबंधित परियोजनाएं विकसित करने की अपार

संभावनायें हैं। राज्य सरकार सौर ऊर्जा के अपार संसाधनों के उचित प्रयोग से प्रदेश में ऊर्जा क्रांति लाने के लिए प्रयासरत है। उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूर्ण करने हेतु सौर ऊर्जा अत्यंत प्रभावी साबित हो सकती है। सौर ऊर्जा का किफायती दरों पर उपलब्ध होना पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के लिए अत्यंत फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि दुर्गम क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के प्रत्येक घर तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो। इसे पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विज्ञान के क्षेत्र में रूचि रखने वाले महानुभाव सेमिनार के माध्यम से उत्तराखंड में सौर ऊर्जा के कुशल संचालन हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार एक रोडमैप विकसित करने में मददगार साबित होगा। जिससे हम उत्तराखण्ड राज्य के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर सकेंगे।इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, आई.आई.टी रूड़की के निदेशक प्रो. के.के. पन्त, सेमिनार के संयोजक प्रो. सौमित्र सतपति एवं विभिन्न प्रदेशों से आये वैज्ञानिक उपस्थित थे।

गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता के चेक वितरित

किच्छा (उद संवाददाता)।विधानसभा अध्यक्ष के आर्थिक सहायता कोष से पुत्रियों के विवाह हेतु विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ एवं नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,नगर कांग्रेसकमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विवाह हेतु आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने विधानसभा के गरीब परिवारों को पुत्रियों के विवाह हेतु 99650 रूपये के चेक 10 परिवारों को प्रत्येक परिवार को 9965 रूपये का चेक वितरित किया। विधायक तिलकराज बेहड़ ने दूरभाष के द्वारा बताया कि उनको विधानसभा में निवास कर रहे गरीब परिवारों ने आर्थिक मदद तथा पुत्रियों के विवाह हेतु मदद करने के लिए आवेदन दिए थे जिस पर विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता के माध्यम से लाभार्थियों को आर्थिक मदद की गई उनका पूरा प्रयास है कि सब तक सरकार के माध्यम से आर्थिक मदद पहुंचा सके, इसी संबंध में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी जी से मुलाकात कर 10 आवेदन दिए थे जिन पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी ने संस्तुति करते

हुए 10 परिवारों को प्रत्येक परिवार को 9965 की धनराशि के चेक भेजे है जिनको आज मेरे कार्यालय में लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है , तथा उनका प्रयास है कि आए प्रत्येक आवेदनों पर भी सरकार से वे जल्द से जल्द आर्थिक मदद दिलाने का पूर्णत: प्रयास कर रहे हैं। चेक प्राप्त करने वाले लाभाथियों में आवास विकास निवासी सोमवती, संजय नगर फूलबाग पंतनगर निवासी ध्रुवदेव शर्मा, नगला चोराहा पंतनगर निवासी सुमन देवी, वार्ड नंबर 1 चुटकी देवरिया निवासी धन सिंह नयाल, आवास विकास किच्छा निवासी पार्वती, ग्राम शिमला पिस्तौर लालपुर निवासी बेबी पात्रों, गोकुल नगर तुर्कागौरीगोरी निवासी लियाकत, ग्राम अंजनिया तहसील किच्छा निवासी तारावती, देवरिया निवासी गणेश राम, मस्जिद कॉलोनी जवाहर नगर निवासी हिसामुल अंसारी आदि शामिल हैं। प्रत्येक लाभार्थी को 9965 रुपए का चेक प्राप्त हुआ। इस मौके पर किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनीता कश्यप, परमजीत सिँह पम्मी ,धर्मेन्द्र सिन्धी,एन यू खान, डिंपल सिँह,जमील अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता और ई गर्वनेंस पर ग्राम प्रधानों को दिया प्रशिक्षण

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट ब्लॉक के न्याय पंचायत अंसो, उत्तरोड़ा, और भराड़ी के ब्लॉक सभागार में पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में जन जागरण समाज सेवी संस्था डाकपत्थर के सुबोध गोयलकेंद्रीय अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज के अंतर्गत पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों हेतु जलापूर्ति, म गवर्मेंस, डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया।बता दे की ये कार्यक्रम विगत 10 दिनों से कपकोट के विभिन्न न्याय पंचायतों में बदियाकोट, कर्मी शामा, सांग, मझखेत, सुपी, होराली , दिगोली, सिमगढ़ी से होता हुआ अपने अंतिम चरण में आज ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ ज्येष्ठ प्रमुख हरीश सिंह मेहरा और सहायक पंचायत अधिकारी स्वरूप सिंह चौड़िया और सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्यों, आशा, आगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं अन्य लाइन कर्मचारियों की मौजूदगी में शुरू किया गया प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए जन जागरण समाज सेवी संस्था की मुख्य प्रशिक्षिका विभु कृष्णा ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2016 के बारे में बताया कि ठोस अपशिष्ट का किस तरह से सुव्यवस्थित व वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाए इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी को किस तरह से सुनिश्चित किया जाए के बारे में बताया गया साथ ही उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत को यह अधिकार है की वह गंदगी फैलाने वालों पर दंड लगा सकती है उन्होंने स्वच्छता पर जन जागरूकता बढ़ाने व ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन की डीपीआर बनाने पर भी जोर दिया साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की भी बात की सत्र को आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षिका ने बताया की किस तरह से एक ग्राम प्रधान अपने गांव को उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वच्छता, शून्य भूखमरी, खुले में शौचमुक्त गांव एवं खुशहाली व स्वच्छ भारत मिशन पर विभिन्न गतिविधियों तथा सत्य घटनाओं पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्मों के माध्यम से सभी जन प्रतिनिधियों को जागरूक किया। उन्होंने सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित

करने के लिए सरकारी अधिकारी कर्मचारियों जो कि ग्राम स्तर पर काम कर रहे हैं से अनुरोध किया कि ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, प्रधान, वार्ड सदस्यों को इन सभी विभागों से संपर्क कर अपनी ग्राम की विकास योजना में सम्मिलित करते हुए योजना बनाएं।दूसरे सत्र में पेयजल पर चर्चा करते हुए जन प्रतिनिधियों को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण पानी किस प्रकार आपके घरों तक पहुंचाने के लिए सरकार कार्य कर रही है ।कुछ गतिविधियों, कहानियों और खेल के माध्यम से सभी प्रशिक्षु को व्यवहारिक रूप से सभी विषयों की प्रैक्टिस भी कराई गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों आगनवाड़ी, आशा ने अपनी अपनी बात रखी इस दौरान महिला ग्राम प्रधान ने बताया कि किस प्रकार से एक महिला प्रधान बनने के बाद ग्राम की अन्य महिलाओं में बदलाव आए है। और बताया कि उन्होंने किस प्रकार से अपने गांव में स्वच्छता से लेकर गांव की विभिन्न परेशानियों का किस तरह से निवारण किया है साथ ही इस तरह के प्रशिक्षण वर्ष में कम से कम दो बार होने चाहिए जिससे गांव वालों में और भी जागरूकता बड़े। प्रशिक्षण को और आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षक संजय साह एवं कविता द्वारा खेल एक्टिविटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मुख्य रूप से जैविक व अजैविक कूड़ा को रसोई घर से ही कैसे अलग अलग करें जिससे कूड़ा एक संसाधन बन जाता है जिसका आसानी से निस्तारण किया जा सकता है के बारे में बारीकी से समझाया गया खेल और डॉक्यूमेंटरी फिल्म जन प्रतिनिधियों को सबसे ज्यादा पसंद आई। इस दौरान ग्राम प्रधान के द्वारा प्रशिक्षण के तरीके और प्रस्तुतिकरण की तारीफ की साथ ही वार्ड सदस्यों के सशक्तिकरण, प्रधानों के जागरूक होने और इस प्रकार की बैठक एवं प्रशिक्षण में सभी लाइन डिपार्टमेंट के शामिल होने की बात भी रखी गई।और बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण हमारे गांव के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं इस अवसर पर विभु कृष्णा, दीपक पेटशाली, संजय साह देवेंद्र गाड़िया, सुनील पांडे, मनोज गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

खाद्य प्रसंस्करण संवर्धन रणनीति पर बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने आज सचिवालय में अधिकारियों के साथ खाद्य प्रसंस्करण संवर्धन रणनीति पर बैठक करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में छोटी-छोटी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न उत्पाद यातायात सुविधाओं के अभाव या के कारण समय से बाजार में नहीं पहुंच पाते, इससे कृषकों को नुकसान होता है, इसके लिए इस प्रकार की पॉलिसी तैयार की जाए जिससे खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े छोटे उद्योगों को अधिक वेटेज मिल सके। मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग को आवश्यकता का समेकन और कच्चे माल के लिए खरीददार उपलब्ध कराए जाने की दिशा पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग पर अधिक फोकस किया जाए ताकि रॉ मैटेरियल एक साथ एक जगह पर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं अपर सचिव श्री रोहित मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वरोजगार से रुकेगा युवाओं का पलायन : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में आयोजित राष्ट्रीय एपरेंटिसिप जागरूकता कार्यशाला में जिलाधिकारी रीना जोशी ने उपस्थित मास्टर ट्रेनरों, युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाओं को बढ़ावा दिये जाने के साथ ही युवाओं को ऐसी ट्रेनिंग दी जाय जिससे कि वे उस ट्रेड में परांगत होकर जनपद में ही अपना व्यवसाय कर सके इससे जहॉ पलायन की समस्या पर भी रोक लगेगी व युवाओं को स्वरोजगार के साधन भी प्राप्त होगें। उन्होंने संबंधित ट्रेनरों आदि को निर्देश दिए कि वे आने वाले

समय में ऐसी कार्यशालाएं बढ़ाये। इस हेतु वे जनपद के व्यापार मण्डल अध्यक्ष व व्यपारियों आदि से मिलकर उक्त विषय पर चर्चा करने के साथ ही ट्रेड डेवलप कर ऐसी योजनाए तलाशें जो जनपद में क्रियान्वित हो सकती है। जिससे कि जो युवा संबंधित ट्रेडों में परांगत होगे वे यही अपना व्यवसाय स्थापित कर अन्य को भी रोजगार मुहैया करा सकें। कार्यशाला में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के डिप्टी डायरेक्टर अविनाश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय एपरेंटिसिप जागरूकता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से डायरेक्टर रवि चिलकोटी, एडिशनल डॉयरेक्टर तारक नाथ, ट्रेनिंग अधिकारी अतुल घोष, मदन सिंह समेत कई युवक-युवतिया आदि उपस्थित थे।

चेयरमैन ने दिव्यांग को भेंट की ट्राइसाईकिल

किच्छा(उद संवाददाता)।नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने अपने खर्चे से वार्ड नंबर 2 नगर पालिका क्षेत्र मलपुरा में पिछले कुछ वर्षों पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुए मलपुरा निवासी शम्श अहमद को ट्राई साइकिल प्रदान की है। नगर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शमश अहमद जो कि चलने में पूरी तरीके से असमर्थ उनके द्वारा मुझे व्यक्तिगत रूप से कई बार फोन पर अपनी समस्या बताई। जिस को गंभीरता से लेते हुए मैंने अपने निजी धनराशि से उस व्यक्ति तक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई वही ट्राई साइकिल मिलने पर शम्स अहमद ने नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया वही नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा भी समाज में बहुत जरूरी है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी ,राजू प्रधान मौजूद रहे।

पेज एक का शेष...

नगालैड और त्रिपुरामें....है। मेघालय के रुझानों में एनपीपी को बहुमत मिल गया है। एनपीपी 31 सीटों पर आगे चल रही है। नगालैंड में सभी 60 सीटों के रुझान आ गये हैं। बीजेपी गठबंधन 36 सीट, एनपीएफ 9, कांग्रेस दो और अन्य 13 सीटों पर आगे है।

गैसके दाम बढ़ाने...कड़ा रोष प्रकट किया । साथ ही गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि के फैसले को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्या, रामनगीना प्रसाद, शाकिर अली बब्बू,मुख्तयार अंसारी, युवा विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव,निर्मल मण्डल,शिवा गौतम, जिलानी अंसारी, निधिर मण्डल, वसीम मिंया,महिला ब्लॉक अध्यक्ष जानकी कोहली शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष सरस्वती वाला,कल्लू खान,अब्दुल वाहिद,गुरजीत सिंह,हार्जिदर सिंह,हसन खान,तालिब सलमानी आदि लोग मौजुद थे।

निलंगित प्रधानाचार्य...वाली तीन नाबालिग छात्राओं के साथ भी अश्लीलता की है, जिनके परिवारजन समाज के कारण खुलकर नहीं कर पा रहे है। पीड़ित ने आरोपी प्रधानाचार्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

गांजा और तमंचे..फरार हो गया। जबकि दो लोगों के पास से 1.816 किलो गांजा और तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े के आरोपियों ने अपने नाम प्रकाश चन्द्र पोखरियाल पुत्र स्व0 उमानन्द पोखरियाल निवासी ग्राम अमेता भोन डाण्डा थाना मोलेखाल जिला अल्मोड़ा और कृपाल सिंह पुत्र स्व0 भगवान दास, निवासी हिम्मतपुर, थाना आई0टी0आई बताया। जबकि फरार आरोपी का नाम राजू पुत्र हरप्रसाद निवासी शंकरपुरी, थाना आई०टी०आई० बताया गया। पूछताछ में उनके एक साथी संदीप सिंह का नाम भी सामने आया है। दोनों की पुलिस तलाश कर रही है।

चट्टान गिरने से ..था। वहीं चट्टान टूटने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। सूचना पर बीआरओ ने अपनी तीन मशीन सहित करीब 10 मजदूरों की टीम को मौके भेजा। जिसने हाईवे पर आवाजाही बहाल करने का काम शुरू कर दिया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि करीब तीन घंटे बाद छोटे वाहनों के लिए आवाजाही बहाल कर दी गई है। दोपहर बाद तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

सीमांकन रद्द नही हुआ तो न्यायालय जाएंगे ग्रामीण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पगना के ग्रामीणों ने गोलज्यू गंगनाथ मिनरल्स सोप स्टोन खनन पट्टे का विरोध तेज कर दिया है। उन्होंने सीमांकन निरस्त करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मंगलवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि बेहरगांव, पगना में बीते 2021 से वह खनन पट्टे का विरोध कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी, उपनिदेशक, भूवैज्ञानिक एवं खनिकर्म इकाई को निरस्त करने को कहा गया। शासन से जांच आदि के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की जांच नहीं हो सकी है। जबरन बिना ग्रामीणों की सहमति के मध्यरात्रित में पटवारी और खनन अधिकारी ने सीमांकन कार्य किया गया। नाम भूमि पर खुटिया गाड़ दी गई। पटवारी ने ग्रामीणों को धमकाया और अभद्र व्यवहार किया। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। सीमांकन को निरस्त करने की उपजिलाधिकारी से मौखिक वार्ता भी की। लेकिन बैकडोर से अभी भी सीमांकन आदि किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सज्जन लाल टम्टा ने दो टूक शब्दों में तहसील प्रशासन और खनन विभाग पर ऊंची रसूखदारों के दबाव में ग्रामीणों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। वही सीमांकन का विरोध करने वालों में अर्जुन लाल, प्यारे लाल, महेश चंद्र, दयानंद, जयकृष्ण, देवकी देवी, ममता देवी, मुकेश, हेमंत कुमार, अनुज कुमार, सोहन लाल, नाथ लाल टम्टा, ईश्वरी प्रसाद टम्टा आदि उपस्थित थे।

विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगी डीएम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि जिलाधिकारी वन्दना द्वारा कल 3 मार्च को तहसील अल्मोड़ा अन्तर्गत 10:30 बजे से विकास कार्यो का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा लाखुउड्यार पेटशाल, राजकीय इण्टर कालेज पेटशाल एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय पेटशाल, त्रिनेत्रेश्वर एवं एकादश रूद्र महादेव मन्दिर समूह बमनस्वाल, नौ देवल मन्दिर समूह बानठौक एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बमनस्वाल का निरीक्षण व जनप्रतिनिधियों/स्थानीय जनता के साथ बैठक की जायेगी।

गुलदार की खल के साथ... राम आर्य व वन रक्षक हरेंद्र सिंह सतवाल के द्वारा बरामद खाल की पुष्टि गुलदार की खाल के रूप में हुई। मौके पर खाल की नाप की गई। नाक से पूंछ तक खाल की लंबाई 160 सेंटीमीटर, चौड़ाई 58 सेंटीमीटर निकली। इसके अलावा गुलदार के दांत व नाखून भी खाल में मौजूद थे। जिस पर आरोपी नंद किशोर पुत्र प्रेम राम निवासी फल्याटी, पोस्ट अमसरकोट, बागेश्वर के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विविध व सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी नंद किशोर ने बताया कि उनके गांव में गुलदार बहुत हैं। उसने मांस में जहर मिलाकर इस गुलदार को मारा था। फिर इसकी खाल निकाल कर हल्द्वानी की ओर ऊंचे दाम में बेचने हेतु ले जा रहा था। एसएसपी ने गुलदार की खाल बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 8,700 रुपये देकर पुरस्कृत किया। तस्कर की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी, प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ भारती, हेड कांस्टेबल गोपाल गिरी, सूरज सिंह, एसओजी के राकेश भट्ट व पवन थ्वाल शामिल रहे।

चाकूके साथ...कब्जे से पुलिस को एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया युवक आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहल कदमी कर रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश को कोतवाली लाकर जरूरी पूछताछ के बाद उसका आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया।

पुलिस टीम ने ..वार्ड 60 बरेली रोड को एक्सट्रीम फोर्स जिम वाली गली, बरेली रोड से 52 ग्राम अवैध स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हरप्रीत पूर्व में भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है।

नमन खाकी वर्दी को

वर्दियां वर्दियां वर्दियां चलो आज वर्दियां का वजूद बतलाती हूं
जो वतन के वास्ते खून में सनी रही
लहू से भी लथपथ होकर भी पांव को पीछे ना किया
जो प्रतिक्षण भारत भूमि की रक्षा करती रही वह होती है वर्दियां।
जल गए चिराग से, उड़ गए बारूद से
फिर भी डटकर सीना ताने खड़े रहे वो होती है वर्दियां वर्दियां
गोलियों की बारिश में जो खून के उबाल से
डट कर खड़े रहे वह होती है वर्दियां।
हर कदम पर मौत को साथ लेकर चले वह होती है वर्दियां
भारत मां की मर्यादा के मंजर जब-जब खंडित होते हैं
तब आवश्यकता होती है 56 इंच के सीने की
तब तक वर्दी अपना वजूद दिखलाती है।
डटकर भारत मां के लिए अपना शीश कट वाती है।
देश के लिए जो जीते जी गोली खा ले वह होती है वर्दियां
जो वतन की आबरू पर एक निशान आने ना दें।
उठा कर देखे जो वतन को तिरछी निगाहों से
आंखों को जो निकाल लाए वह होती है वर्दियां।
वतन की रक्षा के लिए जो सीने पर गोलियां खाए
बहा दे जो खून का जर्रा जर्रा वह होती है वर्दिया।
वर्दियां से सलामत है भारत भूमि की धरा
लिपट कर तिरंगे में जा रही है वर्दियां।
ओढ़ कर तिरंगे में जा रही देशभक्ति
कोई क्या चुका पाएगा,
कोई क्या मिटाएगा शहादत की हस्तियां।
वर्दियां वर्दियां वर्दियां आन बान शान देश की बनी रहे
तन हुए खाक फिर भी डटीं रही वर्दियां।
धन्य धन्य है यह वर्दियां है नमन उन वर्दी यों को ।

- शालिनी शर्मा

सिलेंडरों की कीमत में बढ़ोत्तरी जन विरोधी:पांडे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निवर्तमान संयुक्त प्रभारी कुमाऊँ-गढ़वाल हर्ष वर्द्धन पांडे ने कामर्शियल गैस सिलेंडर पर 300 रुपये तक बढ़ाने का विरोध करते हुए कहा कि ये सरकार का गलत निर्णय है। इसका विरोध करते है। उन्होंने कहा इससे छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ बढेगा। कारोबार में वैसे ही मंदी है और उस पर अचानक सिलेंडर के दामों में मूल्य वृद्धि करना सरासर गलत फैसला है। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व्यवसायी जिनके द्वारा ठेले लगाकर चाय ,पानी,चांट ,पकौड़ी,चाऊमीन, मोमोज इत्यादि बनाकर अपनी आजीविका का निर्वहन किया जाता है उन पर होगा।पहले ही 1800 रुपए लगभग का सिलेंडर मिलता है। वही दाम काफी थे। उस पर 300 रुपये का अतिरिक्त बोझ गलत है। सरकार द्वारा इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो संगठन सरकार का विरोध करेगा। उन्होंने कहा जल्द यदि गैस सिलेंडर वृद्धि वापस नहीं की गई तो व्यापारियों को प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करेगी सरकार

मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में आयोजित आभार रैली में की बड़ी घोषणा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में नकल विरोधी कानून लागू करने के उपलक्ष्य में आयोजित आभार

रैली में प्रतिभाग कर जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस अवसर पर घोषणा की, कि समूह 'ग' की कोई भी परीक्षा चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो या लोक सेवा आयोग के द्वारा कराई जा रही हो, सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाए। उन्होंने कहा कि इसमें तकनीकी और गैर तकनीकी पद भी सम्मिलित होंगे। उच्च पदों में जहाँ साक्षात्कार आवश्यक हो, जैसे पीसीएस या अन्य उच्च पद वहां भी साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंकों के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रखा जाएगा। साक्षात्कार के अंकों को भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में किसी भी अभ्यर्थी को यदि 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से अधिक दिए जाते हैं तो साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति या बोर्ड को इसका स्पष्ट कारण बताना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के हिस्से की सफलता का कोई और लाभ न उठा सके इसके लिए राज्य सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्हीं कदमों के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरकार के लिए राज्य की जनता सर्वोपरि है और हमारा हर एक फैसला जन भावनाओं के आधार पर लिया जा रहा है। समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाए जाने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम ऐसा बजट लाने का प्रयास करेंगे जो प्रदेश के युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। हम आने वाला बजट में प्रदेश की माताओं और बहनो को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे और प्रदेश के किसानों को खुशहाली प्रदान करने का भी प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का निरंतर प्रयास है कि आम लोगों का जीवन सुगम बनाया जा सके। आम जन की प्रगति, विकास से ही उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए भविष्य में भी जो सुझाव आएंगे उन्हें भी हमारी सरकार आवश्यकता के अनुसार लागू करेगी। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा, विधायक श्री अरविंद पांडे, श्री दीवान सिंह, श्री मोहन सिंह बिष्ट, श्रीमती सरिता आर्या, श्री राम सिंह कैड़ा, श्री शिव अरोड़ा समेत कई लोग उपस्थित थे।

अचानक सीबीआई प्रेम कैसे हो गया हम जांच से पीछे नहीं हटेंगे : धामी

हल्द्वानी। सीएम धामी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अचानक इन लोगों को सीबीआई से प्रेम हो गया है। पहले किसी के खिलाफ सीबीआई जांच करती थी तो उसे उत्पीड़न बताया जाता था। अब सीबीआई जांच की बात की जा रही है। इन लोगों की मंशा ही ठीक नहीं है। अगर सीबीआई जांच होती तो परीक्षाओं में व्यवधान आता। पहले सभी परीक्षाएं होंगी। अगर जरूरत हुई तो सीबीआई जांच भी कराई जाएगी। इसके लिए सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून पारित होने पर उत्तराखंड की समस्त जनता को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि धामी सरकार ने नकल विरोधी कानून लाकर इतिहास रचा है। इससे पहले एकीकृत उत्तर प्रदेश के समय राजनाथ सिंह नल्ये कदम उठाया था। उन्होंने कहा कि देश में 90 हजार स्टार्टअप शुरू हुए हैं। केंद्र और राज्य की सरकार लगातार लोगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। इससे पहले भाजयुमो ने नकल विरोधी कानून लागू होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। रैली संयोजक व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि यहां का युवा भटकने वाला नहीं है। सरकार लगातार मातृशक्ति को और सशक्त करने और युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रही है। वर्ष–2022 में जो वायदे किए थे, उन्हें 2027 तक पूरा किया जाएगा। रैली की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि देश में 2000 से 2014 तक सब कुछ ठप था। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद तेजी से विकास शुरू हुआ। आभार रैली में ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले से कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे।

महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

छात्र-छात्राओं को दी जैविक खेती एवं हाईड्रोफोनिक कृषि की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी के उपनिदेशक डा. आर एस भाकुनी, एवं महाविद्यालय के प्रचार्य डा. कमल किशोर पाण्डे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर के.के. पाण्डे द्वारा की गयी। उन्होंने मुख्य अतिथि का बैच अलंकरण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्द्वानी के वैज्ञानिक डा. सुमित पुरोहित एवं डा. मनिन्द्र मोहन ने छात्राओं को जैविक खेती एवं हाईड्रोफोनिक कृषि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का विषय ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल बैलबिइंग रहा। जिसके बारे में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. सर्ववजीत सिंह, डा. ए के पालीवाल, डा. हरीश चन्द्र एवं डा. मनोज कुमार पाण्डे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को व्यान दिये। कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय विज्ञान का आयोजन भी हुआ। भाषण में हिमानी लोहनी प्रथम, समीक्षा द्वितीय और स्मृति तृतीय रही। निबंध लेखन में अनुज गंगवार प्रथम, आदित्य वर्मा द्वितीय, कैलाश कुमार और धीरज

गंगवार तृतीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में हिमानी प्रथम, भावना द्वितीय और बबिता तृतीय रही। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय साइंस पॉपुलराईजेशन सेल के सदस्य डा. रवीश त्रिपाठी ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु उत्तराखण्ड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी देहरादून एवं विज्ञान भारती उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित किया। साइंस पॉपुलराइजेशन के समन्वयक डॉ. भारत पाण्डे ने जी-20 की अध्यक्षता और वैश्विक मंच पर भारत की ओर से विज्ञान के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों व योगदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा0 पीसी सुयाल, डा. कमला भारद्वाज, डा. पूनम रौतेला, डा. कमला बोरा, डा. राघवेन्द्र मिश्रा, डा. बीपी सिन्हा, डा. रूमा साह, डा. प्रदीप कुमार, डा. सुनील मौर्या, डा. अपर्णा सिंह सहित शोधार्थी, छात्र संघ पदाधिकारी एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। लोकप्रियकरण समिति के समन्वय डा. भारत पाण्डे रहे। संचालन सह समन्वयक डा. चन्द्रपाल ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए भाषण, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताओं

कच्ची शराब बनाने के उपकरण बरामद किये, कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में चलाएं अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब के गैर कानूनी ठिकाने पर दबिश देकर मौके से बड़ी तादाद में कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए एक कारोबारी को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गुलजारपुर जंगल क्षेत्र में पिछले काफी समय से कतिपय लोगों द्वारा अवैध कच्ची शराब व्यापक पैमाने पर बनाई वह बेची जाने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने बताए स्थान की घेराबंदी कर वहां से कानपुरी जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी सुशील कुमार पुत्र जगदीश सिंह नामक एक कारोबारी को हिरासत में लेते हुए मौके से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने जंगल क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से धधक रही अवैध शराब की भट्टीयों को ध्वस्त करते हुए हजारों लीटर लहन नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण लोहे की ड्रम मिट्टी की हांडी प्लास्टिक पाइप एलमुनियम पाइप प्लास्टिक का डिब्बा कनस्तर आदि कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार कारोबारी से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

सुरेन्द्र नगर की टीम ने सेमीफाईनल में किया प्रवेश

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के ग्राम सुरेंद्र नगर शक्तिफार्म नंबर 5 में

आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच में सुरेंद्रनगर ने 3 गोल दागकर सेमीफाइनल के प्रवेश किया। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी,व्यापार मंडल अध्यक्ष रवींद्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया। दूसरे हाफ में सुरेंद्रनगर के कप्तान धीरज ने गोल दाग कर दबाव बना दिया तो अंतिम क्षणों में विश्वजीत ने 2 गोल दागकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। देवनगर की टीम ने संघर्ष किया पर तकनीकी रूप में बहुत कमी थी।कमेंटेटर जयंत मंडल,पंकज राय स्कोरर सुजीत बिस्वास रहे। आयोजक समिति के सुमित मंडल,ग्राम प्रधान राजा हालदार,नरेश साना, गोविंद देवनाथ ,अजय साना,रोहित मिरबहर आदि लोग मौजूद रहे।

शक्तिफार्म के संजय बाछाड़ हिंदी फिल्म एनजीओ में नजर आएंगे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। टीएलबी फिल्म्स व जी डब्लु एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म एनजीओ आप लोगों के मध्य बहुत जल्द नजर आएगी यह फिल्म पलायन, राजनीतिक समीकरण, एनजीओ, और लव ट्रायंगल का मिश्रण है । जिसमें अहम भूमिका में उत्तराखंड के रुद्रपुर, शक्ति फार्म, काली नगर, हल्द्वानी के स्थानीय कलाकार अपनी अहम भूमिका में नजर आएंगे। जिसमें संजय बाछाड़ ,रेनू मौर्य, एनी गौतम, दीपक गौतम, चंदन गौतम, सुभान खान, सरफराज खान, संजय शाह, नारायण शाह, सबाहत हुसैन खान इत्यादि लोग अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं । इस फिल्म में बतौर प्रोड्यूसर एनी गौतम,

सरफराज खान, अनीता सिंह है। वही बतौर लेखक लकी भट्ट है। निर्देशक दीपक गौतम व चंदन गौतम है। बातचीत के दौरान यह ज्ञात हुआ कि यह फिल्म तीन कहानियों का समावेश है जिसमें शक्ति फार्म के संजय बाछाड़ मुख्य भूमिका में है। बता दें संजय बतौर प्रोड्यूसर, एक्टर अब तक लगभग 4 से 5 फिल्में कर चुके हैं। वैसे तो संजय बिजनेस व राजनीति की दुनिया का जाना माना नाम है। बचपन से ही कला व संस्कृति के प्रति लगाव ही उनको फिल्मी दुनिया से जोड़ें रखता है। बहुत जल्द यह फिल्म कई ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म दर्शकों को कितना अपनी कहानी और अदाकारी से आकर्षित करती है।